भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4819
23 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

तमिलनाडु में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां

4819. श्री सी.एन. अन्नादुरईः

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार वर्ष 2019-20 के दौरान तमिलनाडु के तिरुवन्नामलै में नई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां और फूड पार्क स्थापित करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उक्त परियोजनाओं हेतु निधि आबंटित करने की योजना बना रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) और (ख): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय किसी भी खाद्य प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना स्वयं नहीं करता है । बल्कि मंत्रालय प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेसवाई) की अम्ब्रेला स्कीम के अंतर्गत वित्तीय सहायता द्वारा देश में खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों, कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों और फूड पार्कों आदि की स्थापना को प्रोत्साहित करता है ।

(ग) और (घ): पात्र परियोजनाओं को पीएमकेएसवाई के दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय सहायता दी जाती है ।

******